अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 16 मई 2026
प्रथम ज्येष्ठ-अमावस्या
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 08 : BOTTOM

अमन की गेंदबाजी से जीती एसआरएमएस की टीम

एसआरएमएस मैदान पर शॉट लगाता खिलाड़ी। स्रोत : आयोजक

बरेली। एसआरएमएस मैदान पर आयोजित क्रिकेट मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने संदीप क्रिकेट अकादमी को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए संदीप क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 13.5 ओवर में मात्र 53 रन पर सिमट गई। एसआरएमएस के गेंदबाजों के सामने संदीप के बल्लेबाज ज्यादा देर टिक नहीं पाए। एसआरएमएस की ओर से अमन बघेल ने तीन ओवर में केवल 15 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। अमन बघेल को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

54 रन के आसान लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने 9.4 ओवर में तीन विकेट खोकर 59 रन बनाए। बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और टीम को आसानी से जीत तक पहुंचाया। संवाद